HAPUR POLICE

ऑपरेशन शस्त्र

थाना - हापुड़ नगर दिनांक 20.06.2026

पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ महोदय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तंमचे को बिस्तर पर रखकर सोने का सोशल मीडिया पर वायरल फोटो से सम्बन्धित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद।

कार्यवाही:-

सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा तंमचे को बिस्तर पर रखकर सोने का फोटो वायरल हुआ था, जिसका थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा संज्ञान लेकर फोटो में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई तो उसकी पहचान रिजवान पुत्र शराफत निवासी पुरानी चुंगी कोटला मेबातियान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई।

थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त युवक को त्यागी कालोनी ट्रांसफार्मर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

रिजवान पुत्र शराफत निवासी पुरानी चुंगी कोटला मेबातियान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरणः-

एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री सुमित मलिक थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री अभिषेक यादव थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
3. है0का0 291 मनोज कुमार थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।
4. है0का0 507 लोकेश कुमार थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।